

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति



दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 22 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी रविवार 17 सितंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4




पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# श्रीराम का स्वरूप व्यापक है, सनातन के रक्षक है - स्वामी रामभद्राचार्य

सिवरी यशोः- पालीटेॅ नक मैदान सिवनी में चल रही भक्तिमय श्रीराम कथा के आठवें दिन परमपूज्य श्री चित्राकूट तुलसीपीठाधीश्वर पद्मविभूषण जगद्गुरु श्री रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज जी ने कथा में श्रीराम और भरत के चित्रकूट में मिलन के सुंदर वर्णन का उल्लेख करते हुये भरत की श्रीराम भक्ति के अनुपम प्रसंग को आगे बढाते हुये कहा कि श्रीराम ने भ्राता भरत को धर्म नीति समझते हुये वापिस किया और फिर श्री राम सीता लक्ष्मण चित्रकूट से प्रस्थान करने के बाद भगवान श्रीराम वन में पाँच ऋषियों से भेंट करते है जिसमें सर्वप्रथम महर्षि अत्रि के आश्रम में आते हैं। वहां अत्रि ऋषि की पत्नि अनसुइया जी सीता को स्त्री धर्म की शिक्षा देकर सीता को दिव्य वस्त्र प्रदान करती है। सती अनसुइया ने सीता को उपदेश देते हुए चार प्रकार की पतिव्रता नारियों का वर्णन किया। जिसमें उत्तम, मध्यम, निकृष्ट और अधम शामिल है। वनों में विचरण करते समय राम ने विराध जैसे अनेक राक्षसों का संहार किया और भक्त सुतीक्ष्ण को दर्शन दिए। मुनि अगस्त के आश्रम में जाते हुए उन्हें रास्ते में पड़ा अस्थि समूह देखा तो ऋषियों ने राम को बताया कि यह राक्षसों द्वारा मारे गए ऋषि.मुनियों की अस्थियां हैं। तब राम ने प्रण किया निश्चर हीन करहुं महि। भुज उठाई पन कीन्ह।। बाद में वे भारद्वाज ऋषि के आश्रम में पहुंच जाते हैं। ऋषियों से भेंट कर श्रीराम माता सीता से कहते है कि अब मुझे सनातन धर्म की रक्षा के लिये राक्षसों का सर्वनाश करना है जो आपके सहयोग के बिना संभव नहीं है और माता सीता को अग्नि प्रवेश करते है तथा माया रूपी सीता का निर्माण करते है ।

स्वामी राम भद्राचार्य जी ने कहा कि काम वासना का पराभव करना है तो माता सीता की शरण में जाना चाहिये उन्होंने बताया कि इंद्र देव का पुत्र जयंत नामक कौवा पक्षी का रूप धारण कर भगवान श्रीराम की थाह लेने के लिये उसने माता सीता के पैर में चोंच मारी थी जिससे



माता सीता के पैर में खून आने लगा भगवान श्रीराम ने क्रोध कोदंड उसके पीछे छोड़ दिया जिससे बचने के लिये जयंत ने चारों लोक में भ्रमण किया और नारद जी से शिक्षा लेकर माता सीता की शरण में आया तब कहीं जाकर उसे जीवन दान मिला ।

स्वामी भद्राचार्य जी ने कथा में बताया कि भगवान राम का स्वरूप अगोचर है बुद्धि के से परे है अविगत है सर्वव्यापक है अकथ है जिसे कोई कह नहीं सकता और इतिहास पुराण कहते है कि भगवान श्रीराम का स्वरूप अपार है जिसका कोई अंत नहीं है जिसे कोई पार नहीं कर सकता। भगवान श्रीराम के स्वरूप का वर्णन हमारे वेदों और पुराणों में वर्णित है । भगवान श्रीराम का व्यापक आदि अनादि स्वरूप है और जिसके रक्षक इतने शक्तिशाली ईश्वर है सर्व सत्ता जो ऊपर है और वह सनातन धर्म के शिरोमणी है उस सनातन को कौन नष्ट कर सकता है । सनातन धर्म आदि अनादि आँर अनंत है इसको नष्ट करने वाले नष्ट हो जाते है पर सनातन कभी नष्ट नहीं होगा । स्वामी जी ने कहा कि सनातन को पांच तत्व संभाले हुये है यह पांच तत्व है अग्नि, जल, पृथ्वी, आकाश, एवं वायु। स्वामी जी ने कहा कि सनातन के पाँच प्राण है गीता गंगा गायत्री, गाय एवं गोविंद जिसके प्राण गोविंद स्वयं हो उस सनातन को कौन समाप्त कर सकता है ।

आज की कथा में महाराज श्री ने स्वादेशी के संबंध में भी भारत के गौरव की बात कही आपने बताया कि भारत ने 45 हजार करोड़ रूपये के स्वदेशी रक्षा अस्त्र क्रय किये । और उन्होंने स्वादेशी वस्तुओं को अपनाने का उपदेश दिया । आज की कथा में सरस्वती शिशु मंदिर में आचार्य एवं दीदियों के साथ बजरंग दल विश्व हिन्दु परिषद के पदाधिकारी एवं समाज के प्रतिष्ठित जन पादुका पूजन में शामिल हुये ।



सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन के संबंध में स्वामी रामभ्रदाचार्य जीने उपस्थित जनसमुदाय से रिपोर्ट कार्ड लिया और सार्वजनिक रूप से कथा के दौरान पूंछा कि सिवनी विधायक अच्छा काम करता है कि नहीं भ्रष्टाचारी तो नहीं है जनता ने जय श्रीराम के जयघोष के साथ उत्तर दिया और सिवनी विधायक श्री राय के संबंध में अपना समर्थन दिया । स्वामी रामभद्राचार्य जी ने सिवनी से पुनः मुनमुन राय को जिताने को कहा और कहा कि दिनेश राय अच्छा व्यक्ति है और मेरा बहुत प्रिय है इसे मैं केबीनेट मंत्री बनाऊंगा ।

## विधायक दनेश राय मुनमुन ने हवन में पूर्णाहुति डालने श्रद्धालुजनों से किया आग्रह

### श्री रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज के श्रीमुख दोपहर 3 बजे से संध्या 7 बजे तक प्रवाहित होगी श्रीराम कथा

**महाराज के गरिमामय सानिध्य मे महाप्रसाद (भण्डारा) का आयोजन**

सिवनी यशोः- सिवनी की पावन धरा के पालीटेॅ नक मैदान पर चल रही भव्य श्रीराम कथा मे 17 सितंबर, दिन रविवार को हवन-पूजन मे पूर्णाहुति डालने विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा सभी श्रद्धालुजनों से आग्रह किया गया है। भगवान शिव की नगरी सिवनी मे विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा 9 सितंबर 2023 से आयोजित नौ दिवसीय भव्य श्रीराम कथा का आयोजन स्थानीय पालीटेॅ नक मैदान मे किया जा रहा है। जिसमें 17 सितंबर दिन रविवार को प्रातः 09:00 बजे से 11:00 बजे तक पूर्ण विधि विधान व विद्वानों के मुखारविंद से प्रवाहित वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन किया जावेगा। इसके पश्चात दोपहर 03:00 बजे से संध्या 07:00 बजे तक प्रभु श्रीराम के अन्नय भक्त, परमपूज्य श्री चित्राकूट तुलसीपीठाधीश्वर पद्मविभूषण जगद्गुरु श्री रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज का पावन सानिध्य एवं आपके श्रीमुख से धाराप्रवाह प्रेरणादायक भव्य श्रीराम कथा का प्रवाह होगा। तथा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की दिव्य संध्या आरती उपरांत 07:00 बजे से महाराज के सानिध्य मे ही महाप्रसाद (भण्डारा) कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस पुनीत अवसर पर सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा समस्त धर्मप्रेमी जनमानस, श्रद्धालुजनों से कार्यक्रम मे सहपरिवार पधारकर हवन-पूजन मे पूर्णाहुति डालने, कथा का श्रवण एवं महाप्रसाद (भण्डारा) गृहण कर धर्मलाभ अर्जित करने का आग्रह किया गया है। आज प्रातः समय विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने सेवक के रुप मे पूज्य महाराज श्री के दर्शन किये तथा चरण छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकास रथ रवाना

सिवनी यशोः- प्रदेश शासन द्वारा मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में केंद्र तथा राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विकास रथ को आज कले टर परिसर से कले टर श्री क्षितिज सिंघल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह विकास रथ जिले विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंचकर शासन के विकास कार्यों तथा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। इन रथों में लगी डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से विकास कार्यों तथा योजनाओं पर बनी लघु फिल्मों का प्रसारण भी किया जा रहा है।

## भाजपा कार्यालय सिवनी में आयुष्मान कार्ड पंजीयन शिविर आज



**पूरे जिले में धूमधाम से मनाया जायेगा प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन, सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जायेगां**

सिवनी यशो :- देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिवस भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा के रूप में मनायेगी जिसके तहत अनेक कार्यक्रम जिले भर में आयोजित किये जायेगे । सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक भाजपा उपाध्यक्ष लालमणी लालू राय ने जानकारी देते हुये बताया कि भाजपा जिला आध्यक्ष आलोक दुबे के निर्देशानुसार जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 02 अे टूबर तक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे ।

सेवा पखबाड़ा के प्रथम दिन 17 सितंबर को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिन पर जिले भर में मंडल स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे । जिला मु यालय सिवनी भाजपा कार्यालय में प्रधनमंत्री श्री मोदी कृतित्व एवं व्यक्तित्व में दोपहर 1:00 विचार गोष्ठी आयोजित की जायेगी जिसमं बालाघाट सिवनी सांसद की गरिमामय उपस्थित रही इसके साथ ही भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला मंत्री पियुष दुबे के संयोजकत्व में आयुष्मान भव: सप्ताह का शुभारंभ किया जायेगा और 17 सितंबर दिन रविवार को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक निःशुल्क आयुष्मान कार्ड पंजीयन शिविर का आयोजन कराया जायेगा , इस अवसर पर ऐसे हितग्राही जो 2011 के आर्थिक सर्वेक्षण के आधार पर पात्रता धारी है तथा किन्ही कारणों से आयुष्मान योजना से अब तक नही जुड़ पाए है उनके लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने की व्यवस्था है , वे अपना आधारकार्ड एवम परिवार समग्र आई डी लेकर भाजपा कार्यालय पहुंच सकते है । पात्रता धारी व्यक्ति अपना आधारकार्ड एवम परिवार समग्र आई डी लेकर भाजपा कार्यालय पहुंच सकते है ।

इसी तरह प्रधानमंत्री जी के जन्म दिन पर आज बरघाट, सुकतरा लखनादौन, धारना मंडल में फल वितरण सिवनी नगर के दक्षिण मंडल में दिव्यांग बच्चो के स्कूल में फल वितरण एवं मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया जायेगा। सिवनी उत्तर मंडल के महामाया मंदिर में पूजन एवं हितग्राहियों से संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया है । भाजपा जिला अध्यक्ष के निर्देशानुसार जिले के सभी मंडल क्षेत्रों में एक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे।

## भाईचारे से मनाएं त्योहार, असामाजिक तत्वों की दे जानकारी




सिवनी यशोः-सिवनी के डूंडा सिवनी थाने में आगामी पर्व को देखते हुए में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डूंडा सिवनी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम के लोग थाने पहुंचे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी समय मे तीज,गणेश उत्सव सहित अन्य त्योहारों को देखते हुए थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक मे तीज,त्योहारों पर शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के संबंध में चर्चा की गई।

थाना प्रभारी उमेश्वर ठाकरे ने कहा कि सभी को एक दूसरे के तीज त्योहारों का स मान करें। सभी भाईचारे के साथ पर्व को मनाए। कहीं भी अवैध गतिविधियां यदि चल रही हो तो उसकी जानकारी पुलिस को दें।

## सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों पर पुलिस की कार्रवाई : सिवनी पुलिस ने मामला दर्ज कर दी समझाईश



सिवनी यशोः-सिवनी कोतवाली क्षेत्र मे सार्वजनिक स्थानों और रोड के आस पास रात्रि के समय लोगो के शराब पीने की शिकायत पुलिस को मिल रही थी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शराबियों पर कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार सिवनी में कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पी रहे थे। जिसकी सूचना मिलने पर कोतवाली थाना प्रभारी और पुलिस अमले ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि सार्वजनिक स्थान पर शराब पी रहे शराबियों के विरूद्ध धारा 36 बी आबकारी ऐ ट के तहत कार्रवाई की गई है।

कोतवाली पुलिस ने हरिओम पिता गोपाल वर्मा (22) निवासी ढाना थाना लखनवाडा, पंकज पिता सदन वर्मा (23) निवासी ढाना थाना लखनवाडा, आकाश पिता संतोष डेहरिया (24) निवासी महामाया वार्ड सिवनी, विशाल पिता शिवराम सोनी (30) निवासी सोनारी मोहल्ला सिवनी,राजकुमार पिता भगवतसिंह सनोडिया (32) निवासी सिल्लौर थाना कुरई और चंद्रभान पिता खुमानसिंह बघेल (29) निवासी टिकारी थाना बंडोल के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने सभी को सार्वजनिक स्थल पर शराब न पीने की समझाईश दी।

## पुलिस अधीक्षक के नाम सौंपा ज्ञापन, कहा- गांव में पूरी तरह बंद हो शराब



सिवनी यशोः- सिवनी जिले के छपारा नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत आने वाले रानी दुर्गावती वार्ड के लोगों ने शराब बंदी को लेकर पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा है। जानकारी के अनुसार छ्पारा थाना क्षेत्र व नगर परिषद छ्पारा के रानी दुर्गावती वार्ड के लोग बड़ी सं या में सिवनी एसपी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि गांव में कुछ लोग अवैध शराब बनाकर पी रहे हैं और कुछ लोग बाहर से शराब लाकर भी शराब की बिक्री कर रहे हैं। जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। इतना ही नहीं नवयुवक भी शराब की लत में आ रहे हैं। जिसके चलते गांव में वह पूर्णता शराब बंदी चाहते हैं।

यह भी बताया कि कुछ लोग गांव में कच्ची शराब बना रहे हैं। जिस पर अंकुश लगाएं। गांव में कच्ची शराब न बनाने और गांव में बाहर से लाकर शराब बेचने वालों लोगों पर स त कार्रवाई किया जाए। इस दौरान पिंडरई, गहरानाला के ग्रामीण जन मौजूद रहे। यह क्षेत्र छ्पारा नगर परिषद के रानी दुर्गावती वार्ड का कहलाता है।

**जबरन नॉलेज**



# दक्षिणी राज्यों में भी सदा से स्वीकार्य रही है हिंदी

प्रवीण गुगनानी-

हिंदी का देश की मातृभाषा के स्थान पर आरूढ़ होना कोई एकाएक नहीं हुआ था. स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान ही समस्त देशभक्तों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व सामान्य समाज ने औपनिवेशिक आचरण से मुक्ति पानें हेतु अंग्रेजी से मुक्ति और हिंदी को भारतीय भाषाओं की माँ का स्थान देनें के भाव को भारतीय भाषा विधान का स्थायी भाव मान लिया था और लाख विरोध पर भी इस बात पर अटल भी रहे थे. किन्तु अब हिंदी को लेकर बड़ा ही तदर्थवादी आचरण होनें लगा है.




इस क्रम में देखें तो भारतीय गणतंत्र में तमिलनाडु की फिल्मी प्रकार की राजनीति जो देश को विभिन्न मोर्चों पर विचित्रता की सीमा तक जाकर छकाती और सताती रही है वह तमिल जनता के भाव को समझें बिना ही सदा हिंदी विरोध को अपना हथियार बनाएं रहती है.

बहुत से राष्ट्रीय विषयों में तमिल या अन्य राज्यों की दक्षिणी राजनीति के विभिन्न नौटंकी रूप हम देखते चलें आयें हैं और यहाँ तक कि एक समय में वैदेशिक मामलों में भी श्रीलंका को लेकर तमिल के स्थानीय वोटों की राजनीति के कारण हम वैश्विक मचों पर दायें बाएं देखनें को मजबूर होतें रहें हैं.

तमिल में हिंदी को लेकर दशकों पूर्व से एक प्रकार का पूर्वाग्रह और वितंडा खड़ा किया जाता रहा है. यहाँ हिंदी विरोध के आधार पर कई राजनेताओं ने छदम स्थानीयवाद खड़ा किया और भोली भाली तमिल जनता को भाषा के नाम भड़का कर अपनी राजनैतिक रोटियां सेंकी हैं. हिंदी को लेकर इस प्रकार के प्रपंची आचरण की दोषी तमिल की दोनों प्रमुख पार्टियां रहीं है.

कटु सत्य है कि तमिलनाडु के दोनों प्रमुख दलों ने हिंदी विरोध को मात्र इसलिए अपना हथियार बनाया कि कहीं दुसरा दल भाषावाद के इस हथियार से अपनी लाइन ल बी न खींच दे!! एक अवसर पर जब प्रधानमंत्री नरेंद्र जी मोदी ने गृह मंत्रालय में हिंदी में कामकाज बढ़ानें का आदेश दिया तो मात्र कुछ तमिल नेताओं ने इसका विरोध किया था, और अलगाव के बेसुरे गीत गानें में सिद्धहस्त हो चुकें उमर अब्दुल्ला ने भी इस सुर में अपना सुर मिला दिया था. एक समय में तो तमिल मु यमंत्री जयललिता कह बैठी थी - सोशल मीडिया पर आधिकारिक संवाद की भाषा हिंदी की बजाय अंग्रेजी ही होनी चाहिए. फिर सदा की तरह भेड़ चाल चलते हुए पीएमके के रामदास ने भी गृह मंत्रालय के इस आदेश के विरोध में अपना व्यक्तव्य जारी कर दिया था.

दक्षिण भारत के केरल में मलयालम, कर्नाटक में कन्नड, आंध्र में तेलुगु और तमिलनाडु तथा पुदुच्चेरी में तमिल अधिक प्रचलित भाषाएँ हैं. ये चारों हमारें द्रविड परिवार की भाषाएँ मानी जाती हैं. स्वतंत्रता के पश्चात इन राज्यों में हिंदी बोले सुनें जानें का अभाव ही होता था तब इन राज्यों के नेता हिंदी के विरोध में जन आन्दोलन करनें और जनता को भड़काने में सफल हो जाते थे किन्तु वर्तमान में जिस प्रकार दक्षिण में हिंदी को रोजगारमूलक भाषा मानकर इसके प्रति आकर्षण बढ़ रहा है.

अब दक्षिण के वे नेता जो भाषाई राजनीति करते थे वे अब इस तथ्य को समझ रहें है कि यदि उनकें राज्यों की जनता हिंदी सीख कर या मात्र बोलनें सुननें भर की क्षमता विकसित करके यदि अपनी व्यावसायिक निपुणता या पेशेवर दक्षता बढ़ा पाती है तो इसमें दोष` या है? अब भी दक्षिणी राज्यों में कहीं कहीं और कभी कभी वोटों की खातिर क्षुद्र राजनीति करनें वाले नेतागण इस प्रकार के भाषाई मतभेद बढ़ाने वाली राजनीति करते ही रहते हैं.

इन हिंदी विरोधी नेताओं को समझना चाहिए कि दक्षिण भारत का शेष भारत की संस्कृति और भाषा के प्रति अपना आदरभाव का और विनम्र अनुगामी भाव का अपना गरिमामय और आदरणीय इतिहास रहा है.

उत्तर भारत के तीर्थों के प्रति अपनें पूज्य भाव के कारण यहाँ का सनातनी और हिन्दू समाज हिंदी भाषा सीखनें और माता पिता के गंगा स्नान करा लेनें को सदा उत्सुक रहा है!! हिंदी सीख लेनें की रूचि के आधार पर ही 1918 में मद्रास में 'हिंदी प्रचार आंदोलन' को प्रार भ हुआ था और इसी वर्ष में स्थापित हिंदी साहित्य स मेलन मद्रास कार्यालय आगे चलकर दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा के रूप में स्थापित हुआ. बाद में तमिल और अन्य दक्षिणी राज्यों की जनता की भावनाओं का आदर करते हुए ही इस संस्था को राष्ट्रीय महत्व की संस्था घोषित किया गया.

वर्तमान में इस संस्थान के चारों दक्षिणी राज्यों में प्रतिष्ठित शोध संस्थान है, और बड़ी सं या में दक्षिण भारतीय इस संस्थान से हिंदी में दक्षता प्राप्त कर हिंदी की प्राणपण से सेवा कर रहें हैं.

हिंदी के प्रसार और प्रतिष्ठा में संलिप्त हजारों दक्षिण भारतीय बंधु न मात्र हिंदी से अपनें रोजगार के अवसरों को स्वर्णिम बना रहें हैं अपितु दक्षिण में हिंदी प्रचार के क्रम में ऐसी कई प्रतिष्ठित संस्थाओं को भी स्थापित करते रहें हैं.

इसी क्रम में केरल में 1934 में केरल हिंदी प्रचार सभा, आंध्र में 1935 में हिंदी प्रचार सभा, हैदराबाद और कर्नाटक में 1939 में कर्नाटक हिंदी प्रचार समिति, 1943 में मैसूर हिंदी प्रचार परिषद तथा 1953 में कर्नाटक महिला हिंदी सेवा समिति की स्थापना हुई. इन संस्थानों में लाखों छात्र हिंदी की परीक्षाओं में स मिलित व उत्तीर्ण होतें हैं.

तमिलनाडु में तथाकथित और पूर्वाग्रही विरोध के कारण भले ही शासकीय शिक्षण संस्थानों में हिंदी की उपेक्षा हो रही हो, किंतु कई निजी संस्थानों में हिंदी की पढ़ाई जारी है, और इनकी परीक्षाओं में छात्रों की सं या लाखों में रहती है. आज तमिलनाडु में हिंदी को रोजगार का स्वर्णिम सोपान माननें के कारण ही गली गली में 'हिंदी स्पीकिंग कोर्स' के बोर्ड दिखतें हैं.

जनसामान्य में असंतोष है कि निजी विद्यालयों में पढ़नें वाले बच्चे तो हिंदी पढ़कर अपनी रोजगार की संभावनाएं प्रबल कर लेतें हैं किन्तु शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थी हिंदी में पीछे रह जातें हैं. दक्षिणी राज्यों में हिंदी को आजीविका का साधन विकसित करनें का एक प्रबल माध्यम माननें का ही परिणाम है कि यहाँ कई सेवाभावी संस्थाएं निःशुल्क हिंदी कक्षाओं का संचालन, लेखन, प्रकाशन, पत्रकारिता, गोष्ठियों का आयोजन निरंतर कराती रहतीं हैं.

मु बईया हिंदी फिल्मों और हिंदी गीतों की लोकप्रियता के कारण भी हिंदी अब दक्षिणी राज्यों में एक सहज सामान्य रूप से बोली सुनी जानें लगी है.

आज हैदराबाद, बैंगलूर तथा चेन्नई नगरों से दसियों बड़े और कई छोटे हिंदी समाचार पत्र प्रकाशित हो रहें हैं. यहाँ यह कतई न समझा जाए कि दक्षिण भारत में हिंदी का चलन कुछ दशकों की देन है! दक्षिण के सभी राज्यों में हिंदी का अपना दीर्घ और समृद्ध इतिहास रहा है, दो सौ वर्ष पूर्व भी केरल में 'स्वाति तिरुनाल' के नाम से सुवि यात तिरुवितांकूर राजवंश के राजा राम वर्मा (1813-1846) ने हिंदी की कालजयी कृतियाँ रचीं थी जो वहां के जनजीवन में अब भी पर परागत रूप से आदर पूर्वक बोली सुनी जाती हैं. दशकों पूर्व से कोचीन से मलयालम मनोरमा की ओर से 'युग प्रभात' नाम के अत्यंत लोकप्रिय साप्ताहिक हिंदी पत्र और हिंदी विद्यापीठ (केरल) से 'संग्रथन' मासिक पत्रिका और कर्नाटक महिला हिंदी सेवा समिति की ओर से ÷हिंदी प्रचार वाणी÷ का प्रकाशन हो रहा है. हिंदी समर्थक पहल को वापिस लेनें के स्थान पर आज अधिक आवश्यक हो गया है कि दक्षिण के जनसामान्य की भावनाओं को न समझनें वालें और अनावश्यक हिंदी विरोध की राजनीति करनें वालों के प्रति कठोर रूख रखा जाए और ऐसे असंतोष उपजा रहे दक्षिणी नेताओं पर कठोरता से अंकुश भी लगाया जाए.

## मध्यप्रदेश में घरेलू गैस सिलेंडर योजना की पहली हितग्राही बनी टीकमगढ़ जिले की लक्ष्मी रैकवार

***लक्ष्मी रैकवार बोली पैसे की बचत से अन्य जरूरतें पूरी होंगी, योजना सौगात से कम नहीं***




भोपाल । मध्यप्रदेश में 450 रूपये में घरेलू गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिये मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चैहान द्वारा आज टीकमगढ़ में ओंकारेश्वर से वर्चुअली शुरू की गई घरेलू गैस सिलेंडर योजना की पहली महिला हितग्राही बनी हैं जतारा तहसील के बिलगांय गांव की लक्ष्मी देवी रैकवार। योजना में पंजीयन के बाद बेहद श्रीमती लक्ष्मी रैकवार खुश हैं, उन्हें पहली खुशी इस बात है कि मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चैहान की पहल पर महिलाओं के हित में इतनी महत्वपूर्ण योजना शुरू की गई है। दूसरी खुशी योजना में उनका मध्य प्रदेश में पहला पंजीयन होना है। वह इस बात को लेकर भी प्रसन्न हैं कि उनका पंजीयन केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार और वन राज्य मंत्री श्री राहुल सिंह ने स्वयं ऑनलाईन करवाया है।

ऑनलाईन प्रक्रिया के तहत श्रीमती लक्ष्मी रैकवार का पंजीयन क्रमांक, आवेदिका का नाम, पता, एलपीजी आईडी, आवेदिका का समग्र आईडी नं., लाड़ली बहना पंजीयन क्रमांक की पूर्ति करवाई गई। उज्जवला योजना के अंतर्गत हितग्राही होने की जानकारी की प्रवृष्टि भी करवाई गई।

लक्ष्मी रैकवार का कहना हैं कि एक गैस सिलेंडर खरीदने पर अभी जितने पैसे लगते थे, उससे आधे से भी अब कम 450 रूपये लगेंगे। पैसे की बचत होने से अन्य जरूरतें पूरी होंगी। लक्ष्मी कहतीं है गैस कने शन की सुविधा हुई और अब इतनी कम कीमत पर मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चैहान ने उन्हें गैस सिलेंडर की सौगात दी है, जो उनके परिवार के लिये अत्यंत राहत की बात है। वह बताती है कि उसके परिवार में 5 सदस्य और एक गैस कने शन हैं, जो उसके नाम से है। मु यमंत्री श्री चौहान द्वारा लागू यह योजना हम जैसी गरीब महिलाओं के हित में है। इसके लिये मैं मु यमंत्री शिवराज भैया को धन्यवाद देती हूँ।

**अभिलाषा साहू-** टीकमगढ़ के वार्ड नं. 26 की मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना की हितग्राही श्रीमती अभिलाषा साहू 450 रूपये में घरेलू गैस सिलेंडर प्राप्त करने की योजना का लाभ लेने वाली मध्यप्रदेश की दूसरी महिला हितग्राही बनी हैं। टीकमगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार और वन राज्य मंत्री श्री राहुल सिंह ने उनसे एक-एक जानकारी लेकर उनका ऑनलाईन पंजीयन करवाया। अभिलाषा साहू ने बताया कि योजना में शामिल होने से खुश होने के साथ ही उन्हें राहत भी मिली है। गैस सिलेंडर खरीदने में अब जो पैसे बचेंगे, वो बच्चों के काम आयेंगे। 7 सदस्यों के परिवार में एक ही गैस कने शन है, जो उसके नाम से है। इस योजना का लाभ मिलने से उसका परविार बहुत खुश होगा। अब उसे कंजूसी नहीं करना पड़ेगी, जो बच्चे चाहेंगे, वैसा व्यंजन उन्हें बनाकर दूंगी। घर का बजट भी अब नहीं गड़बड़ाएगा।

## राज्यपाल मंगुभाई पटेल लंदन में अंतर्राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार से स मानित




भोपाल । राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि उत्कृष्ट एवं असाधारण कार्य का अभिनंदन ही मानवता के विकास का आधार है। मानव जीवन की बेहतरी के लिए सकारात्मक प्रयासों और उत्कृष्ट कार्यों की सराहना समाज की जि मेदारी है। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा उत्कृष्टता के स मान की पहल मानव जाति की भलाई के लिए शांति और सद्भाव के प्रयासों को मजबूत करने का सराहनीय प्रयास है।

राज्यपाल पटेल वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा लंदन में ब्रिटिश पार्लियामेंट आयोजित स मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में राज्यपाल पटेल को अंतर्राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार से स मानित किया गया। संपूर्ण विश्व के सामाजिक, शैक्षिक, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, आध्यात्मिक, पुरातात्विक, ऐतिहासिक, अनुसंधान और विकास और सांस्कृतिक गतिविधियों में अतुलनीय योगदान करने वाली 20 विशिष्ट विभूतियाँ स मानित हुई। समारोह में राज्यपाल की पत्नी श्रीमती नर्मदाबेन पटेल, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री रामदास अठावले भी उपस्थित थे।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि उत्कृष्टता के लिए किसी प्रमाण-पत्र की आवश्यकता नहीं होती,` योंकि किसी भी क्षेत्र का उत्कृष्ट कार्य महान प्रयासों और दक्षता का परिणाम होता है, लेकिन व्यवहारिक जगत में उत्कृष्टता बढ़ाने के लिए कीर्तिमानी प्रतिभाशाली लोगों को स मानित करना जरूरी है। उत्कृष्ट कार्यों का स मान विजेताओं के उत्कृष्ट कार्यों के अनुसरण के लिए युवाओं और अन्य को प्रेरित और नये कीर्तिमान स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करता है। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत व्यक्तियों के असाधारण कार्यों को मान्यता देना एक सराहनीय प्रयास है। पटेल ने विश्व भर में उत्कृष्ट कार्यों की पहचान और उनका दस्तावेजीकरण करने के गहन प्रयासों के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के पदाधिकारियों को बधाई दी। श्री पटेल ने स मानित विभूतियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि वे गरीब एवं वंचित वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर और बेहतर प्रयास करते रहेंगे। कार्यक्रम में मे बर ऑफ़ पार्लियामेंट यू.के. श्री वीरेंद्र शर्मा, आध्यात्मिक नेता राज राजेश्वर गुरूजी, मनोविज्ञानी डॉ. दिवाकर सुकुल, अनुरुद्ध, डिप्टी मेयर लंदन राकेश अग्रवाल, वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स के प्रेसीडेंट संतोष शु ला, पुरस्कार विजेता एवं गणमान्य जन उपस्थित थे।

## 10वाँ भोपाल विज्ञान मेला उद्घाटित

***अब लांससेट जनरल भी हिन्दी में प्रकाशित होगी – मंत्री सखलेचा**
***वैज्ञानिक अनुसंधान की बदौलत भारत विश्व गुरू बनेगा – मंत्री सारंग**

भोपाल । चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने शुक्रवार को भेल दशहरा मैदान पर 10वां भोपाल विज्ञान मेला का उद्घाटन किया।समारोह को संबोधित करते हुए श्री विश्वास सारंग ने कहा है कि मध्यप्रदेश में एमबीबीएस की सभी 5 वर्षों की पढ़ाई हिन्दी में शुरू होने के साथ ही अमरीका से प्रकाशित होने वाली चिकित्सा क्षेत्र की रिसर्च जनरल पत्रिका लांससेट का हिन्दी में भी प्रकाशन होगा। मंत्री सखलेचा ने कहा कि प्रकृति से छेड़छाड़ किए बिना वैज्ञानिक अनुसंधान विकास से भारत विश्व गुरू बनेगा। समारोह में ए प्री के निर्देशक श्री अवनीश श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव विज्ञान प्रौद्योगिकी श्री निकुंज श्रीवास्तव, मध्यप्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी और विज्ञान भारती के अध्यक्ष डॉ. अमोघ गुप्ता उपस्थित थे।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सारंग ने कहा कि आदि अनादि और पुरातन परंपरा के साथ भारतीय विज्ञान सदियों से जुड़ा रहा है और जन्म से मृत्यु तक तथा जीवन के संपूर्ण काल की सभी प्रक्रियाएं विज्ञान से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेई ने जय जवान- जय किसान के साथ जय विज्ञान जोड़ा तो मौजूदा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए नारा जय जवान-जय किसान, जय विज्ञान को जय अनुसंधान से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि हमारा दर्शन वैज्ञानिक है और दुनिया ने चन्द्रयान-3 की सफलता से देश की शक्ति को देखा है।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि हमने पिछले छह महीनों में एमबीबीएस का संपूर्ण पाठ्यक्रम यानि संपूर्ण पांच वर्षों की पुस्तकें हिन्दी में रूपांतरित की हैं।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री आमप्रकाश सखलेचा ने कहा कि सिविलाइजेशन की प्रक्रिया में पहले धर्म और बाद में विज्ञान आया।उन्होंने कहा कि वेदों की ऋचाओं में उपलब्ध ज्ञान-विज्ञान आज के विज्ञान में 20 प्रतिशत भी नहीं है।उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में दुनिया ने भारतीय वैज्ञानिकों की धाक जमी है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और नीतियों से आज चन्द्रयान-3 की सफलता हो, कम लागत में वंदे भारत ट्रेन हो या कोरोना की वै सीन का अविष्कार भारत हर क्षेत्र में आगे है।

मंत्री श्री सखलेचा ने कहा कि भारत में शोध आधारित विकास से देश में बहुत सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि विज्ञान भारती ने विज्ञान को गांव-गांव और स्कूलों तक पहुंचाया है।श्री सखलेचा ने जर्मनी भाषा सीखकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले बच्चों की जर्मन सरकार द्वारा दी जा रही सहूलियतों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज भारतीय ज्ञान और विज्ञान को दुनिया मान रही है।उन्होंने कहा कि भारत की पहचान सकारात्मकता के साथ विचारों को शोधपरक बनाने की है और हमारे विद्यार्थी जीवन के आनंद और सुख को बढ़ाने के लिए प्रकृति से छेड़छाड़ किए बिना अनुसंधान कर रहे हैं।उन्होंने वैज्ञानिकों और विद्यार्थियों से कहा कि वे प्रधानमंत्री के भारत को आत्म निर्भर बनाकर विश्वगुरू बनने के संकल्प को पूरा करें।

प्रमुख सचिव श्री निकुंज श्रीवास्तव ने कहा कि भोपाल में राज्य शासन अनुसंधान और विकास के लिए एक साइंस सेंटर खोलेगा तथा जल्द ही प्रदेश की नई आई टी नीति भी घोषित की जाएगी।विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. कोठारी, ए प्री के निर्देशक श्री श्रीवास्तव और विज्ञान भारती के अध्यक्ष डॉ. गुप्ता ने भी समारोह को संबोधित किया।

उल्लेखनीय है कि मेला में परमाणु ऊर्जा, इसरो,डीआरडीओ ब्र होस, एनटीपीसी, सीएसआईआर, आईसीएमआर, आईसीएआर, ए प्री, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् एवं उद्योगों द्वारा प्रदर्शित की जाने वाली नवीनतम तकनीक एवं उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। ग्रास रूट इनोवेशन एवं नवाचार के तहत भी मेला में विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियो द्वारा अपने इनोवेशन आईडियास एवं माडल्स प्रदर्शित किए गए हैं। मेला 18 सित बर तक चलेगा।

# मीडिया का कार्य है शासन के सभी अंगों को सचेत करना - उपराष्ट्रपति धनखड़

## माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति ने उपाधियाँ प्रदान की

**उपराष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय के नवीन परिसर का लोकार्पण किया**

भोपाल । उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने कहा है कि लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ के रूप में मीडिया का कार्य शासन के सभी अंगों को सचेत करना, सच्चाई, सटीकता एवं निष्पक्षता के साथ जनमानस तक जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र प्रेस लोकतांत्रिक राष्ट्र की रीढ़ है। प्रेस की स्वतंत्रता के साथ प्रेस का ज़ि मेदार होना भी महत्वपूर्ण है। सकारात्मक समाचार को तरजीह देना आवश्यक है। इससे समाज में हो रहे सकारात्मक बदलाव को गति प्राप्त होती है।

उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ आज यहां माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। वे विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष भी है। उन्होने विश्वविद्यालय के भोपाल के बिशनखेड़ी में स्थित नवीन परिसर का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में जनस पर्क एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री राजेन्द्र शु ल और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष रूप से उपस्थित थे।

उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने विश्वविद्यालय को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी एवं विश्वास व्यक्त किया कि यह संस्थान पत्रकारिता जगत में अपना उत्कृष्ट योगदान निरंतर जारी रखेगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि पत्रकारिता व्यवसाय नहीं समाजसेवा है। पत्रकार लोकतंत्र के प्रहरी हैं। व्यावसायिक लाभ व्यक्तिगत हित से ऊपर उठकर सेवा-भाव से काम करें।

उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ ने उपाधि प्राप्तकर्ता समस्त विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि प्राप्त ज्ञान का उपयोग सभी विद्यार्थी लोक कल्याण के लिए करेंगे। उन्होंने आह्वान किया कि राष्ट्रकवि, लेखक एवं पत्रकार पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की सोच अनुरूप देशहित को सर्वोपरि रखकर राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ भारत की विकास यात्रा में अपना सशक्त योगदान दें।

**वैदिक मंत्रोचार के साथ हुआ दीक्षांत समारोह का शुभारंभ**

दीक्षांत समारोह में पारंपरिक परिधान और अंगवस्त्र के प्रति उपराष्ट्रपति ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत के उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम - चारों दिशाओं की झलक देखने को मिलती है। यह देश के लिए बहुत बड़ा सार्थक संदेश है। उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ ने कहा कि आज भारत आर्थिक, शैक्षणिक, शोध हर क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। यह गौरव का विषय है। आज ऐसा वातावरण है कि हर व्यक्ति जो चाहे वह निखार स्वयं में ला सकता है और भारत को विश्वगुरु बनाने में योगदान दे सकता है। दीक्षांत समारोह में कुलसचिव डॉ. अविनाश वाजपेयी की अगुवाई में विद्वत् यात्रा ने वैदिक



मंत्रोचार की पवित्र ध्वनि के बीच सभागार में प्रवेश किया। स्वस्ति वाचन एवं मंगलाचरण के उच्चारण के साथ उपराष्ट्रपति ने दीप प्रज्वलन कर दीक्षांत कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

समारोह में विश्वविद्यालय के 2018 से 2023 तक के 23 शोधार्थियों को उपराष्ट्रपति द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गयी। इसके साथ ही मीडिया, मीडिया प्रबंधन, कंप्यूटर एवं सूचना प्रोद्योगिकी पाठ्यक्रम के लगभग 450 विद्यार्थियों को विभिन्न विधाओं में मास्टर ऑफ़ आर्ट्स, मास्टर ऑफ़ साइंस, मास्टर ऑफ़ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन, मास्टर ऑफ़ कंप्यूटर एप्लीकेशन, मास्टर ऑफ़ जर्नलिज्म, मास्टर ऑफ़ लाइब्रेरी एंड इनफार्मेशन साइंस और मास्टर ऑफ़ फिलोसफी की उपाधि प्रदान की गयी। उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ द्वारा सत्र 2020-22 में विश्वविद्यालय के फ़िल्म प्रोडे शन में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए सुश्री वागेश्वरी नंदिनी को स्व. डॉ. अनिल चौबे स्मृति पदक, 21 हज़ार रुपये का चेक एवं प्रमाण पत्र, सत्र 2020-22 में एम.ए. विज्ञापन एवं जनसंपर्क पाठ्यक्रम में सर्वोच्च सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए सुश्री श्वेता रानी को स्व. श्री अ बा प्रसाद श्रीवास्तव स्मृति पदक एवं प्रमाण पत्र और सत्र 2021-23 में विश्वविद्यालय के पत्रकारिता स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए सुश्री अंजलि को स्व. डॉ. रामेश्वर दयाल तिवारी स्मृति पदक, 11 हज़ार रुपये का चेक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

कुलपति डॉ. के.जी. सुरेश ने विश्वविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। डॉ. सुरेश ने बताया कि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता और संचार विश्वविद्यालय एशिया का प्रथम एवं देश का सबसे बड़ा पत्रकारिता विश्वविद्यालय है, जो विगत 32 वर्षों से पत्रकारिता, प्रसारण पत्रकारिता, जनसंपर्क एवं विज्ञापन, फिल्म अध्ययन, जनसंचार, पुस्तकालय विज्ञान, मीडिया प्रबंधन, कंप्यूटर विज्ञान और अनुप्रयोग, नवीन मीडिया प्रौद्योगिकी, इले ट्रॉनिक मीडिया और संचार शोध विषयों में शिक्षण- प्रशिक्षण देता है। इंडिया टुडे ओपन मैगजीन सर्वे और द वीक मैगजीन की रैंकिंग में, हाल ही में, इसे श्रेष्ठ मीडिया संस्थानों में शामिल किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत मीडिया पाठ्यक्रमों को लागू करने वाला, यह देश का प्रथम विश्वविद्यालय है। आज प्रदेश में पांच परिसरों, 1600 से अधिक अध्ययन केंद्रों में 2 लाख से अधिक विद्यार्थी हैं। अकादमिक उन्नयन की दिशा में, ह पॉपुलेशन फंड समेत विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर के अनेक शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों से परस्पर सहमति अनुबंध किया है जिसका लाभ विद्यार्थियों के ज्ञान एवं कौशल में हो रहा है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत, रोजगारमूलक फिल्म अध्ययन और चलचित्र विभाग स्थापित किया गया है। मध्यभारत का यह पहला अध्ययन केंद्र, समाज में सकारात्मक, सृजनात्मक और राष्ट्र निर्माण के उद्देश्यों को डिजिटल फिल्म मेकिंग के जरिए पूरा करेगा। हमने हिंदी के प्रथम समाचार पत्र उदंत मार्तण्ड के संस्थापक संपादक पंडित जुगल किशोर शु ल के स्मृति में देश का प्रथम डिजिटल समाचार पत्र संग्रहालय %न्यूज़ियम% बनाने का भी सैद्धांतिक निर्णय लिया है। डॉ. सुरेश ने विश्वविद्यालय की गतिविधियों, उपलब्धियों एवं आगामी कार्ययोजना की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। कुलपति द्वारा उपाधि प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों को दीक्षोपदेश प्रदान किया गया। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान तकनीकी व्यवधान के कारण कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से शामिल नहीं हो सके। सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, विधायक श्री पी.सी. शर्मा एवं विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री विवेक सावरीकर ने किया।

# घर-घर जाएंगे बीएलओ, मतदाता का करेंगे सत्यापन

भोपाल । प्रदेश में 20 सितंबर से मतदाता सत्यापन का कार्य शुरू होगा। मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने समस्त कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए है। भोपाल~ मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध हो इसके लिए प्रदेश के सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे।

मु य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि प्रदेश में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 का कार्य चल रहा है। इसके अंतर्गत प्रदेश के सभी 64 हजार 523 बीएलओ द्वारा 10 दिन तक घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन का कार्य किया जाएगा, जिसकी शुरुआत 20 सितंबर से होगी और यह कार्रवाई लगातार 30 सितंबर तक चलेगी।

इस दौरान बीएलओ द्वारा बीएलओ एप के माध्यम से प्रत्येक मतदाता का उसके घर जाकर सत्यापन किया जाएगा। मृत मतदाता और दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं की जांच की जाएगी। जांच के दौरान यदि कोई मतदाता मृत या डुप्टीलकेट पाया जाता है तो मतदाता सूची से उसका नाम हटाने की नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# वाहन नीलामी हेतु निविदा आमंत्रित

सिवनी यशोः- जिला आबकारी अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि जिले में आबकारी एवं पुलिस विभाग द्वारा म.प्र.आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के उल्लंघन में विभिन्न प्रकरणों में जप्त वाहनों के न्यायालय कले टर एवं जिला दण्डाधिकारी सिवनी द्वारा राजसात करने आदेश के परिपालन में कुल 17 वाहनों की नीलामी के लिए जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय सिवनी में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर 27 सित बर 23 दोपहर 3 बजे तक निविदा आमंत्रित की गई हैं। प्राप्त निविदाओं को उक्त दिवस ही सांय 4 बजे आबकारी नियंत्रण कक्ष बरघाट रोड सिवनी में गठित समिति द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएंगी। इच्छुक व्यक्ति उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी जिला आबकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

# मु यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना का मु यमंत्री चौहान करेंगे आज शुभारंभ

***4 लाख 75 हजार से ज्यादा हितग्राहियों को मिलेगा लाभ**
***योजना के हितग्राहियों के चयन संबंधी निर्देश जारी**
***17 सित बर से 5 अ टूबर तक भरे जायेंगे आवेदन**

सिवनी यशोः- विभिन्न आवास योजनाओं में आवास सुविधा का लाभ मिलने से छूट गये परिवारों को मु यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना में अपना आवास मिलेगा। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 17 सितंबर को कुशाभाऊ ठाकरे हॉल भोपाल से प्रातः 10 बजे योजना का शुभारंभ करेंगे। योजना से 4 लाख 75 हजार से ज्यादा हितग्राहियों को लाभ मिलेगा। राज्य शासन ने योजना के हितग्राहियों के चयन करने संबंधी निर्देश जारी कर दिए हैं। हितग्राहियों से 17 सित बर से 5 अे टूबर 2023 तक आवेदन पत्र प्राप्त किये जायेंगे।

**कार्यक्रम के जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर में होगी लाइव प्रसारण की सुविधा**

मु यमंत्री लाडली बहना आवास योजना के शुभारंभ कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एनआईसी के साथ ही दूरदर्शन, फेसबुक, यूट्यूब, वेबकास्ट लिंक के माध्यम से किया जायेगा। कले टर श्री सिंघल ने जिलें की सभी जनपदों एवं ग्राम स्तर पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को लेकर सभी जरूरी व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

**इन हितग्राहियों को मिलेगा योजना का लाभ**

मु यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना में 3 लाख 78 हजार 662 उन परिवारों को लाभ मिलेगा जो प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में आवास प्लस एप पोर्टल पर पंजीकृत हैं और जिनके आवेदन भारत सरकार के एमआईएस पोर्टल पर स्वतः रिजे ट हो गये हैं।

योजना का लाभ एमआईएस पोर्टल पर दर्ज होने से छूटे एवं चिन्हित 97 हजार परिवार को भी मिलेगा । लाड़ली बहना आवास योजना में उन परिवारों को भी लाभ मिलेगा, जो सामाजिक, आर्थिक एवं जातिगत जनगणना 2011 एवं आवास प्लस की सूची में शामिल नहीं है और जिन्हें केन्द्र अथवा राज्य की किसी भी आवास योजना का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है।

**इन्हें भी मिलेगा लाभ**

मु यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना में वे परिवार शामिल होंगे जिनके पास पक्की छत वाले मकान नहीं है अथवा दो से कम कमरें वाले कच्चे मकानों में निवासरत हो, मोटरयुक्त चौपहिया वाहन स्वामी नहीं हो या जिनके परिवार का कोई सदस्य शासकीय सेवा में नहीं हो, उसकी मासिक आय 12000 या कम हो। साथ ही परिवार का कोई सदस्य आयकरदाता नहीं हो और 2.5 एकड़ या इससे कम सिंचित भूमि हो अथवा 5 एकड़ से कम असिंचित कृषि भूमि हो ।

**ग्राम पंचायतों में जमा होंगे आवेदन**

मु यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना के आवेदन जनपद पंचायतों द्वारा ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराये जायेंगे। आवास योजना में निर्धारित पात्रता रखने वाले ऐसे हितग्राही ग्राम पंचायत द्वारा प्रदाय किये गये आवेदन-पत्र में सभी बिन्दुओं की जानकारी भरकर फार्म ग्राम पंचायत में जमा करायेंगे। सचिव / ग्राम रोजगार सहायक द्वारा उन्हें आवेदन की पावती दी जायेगी। आवेदन-पत्र के साथ समग्र आईडी, आधार न बर, बैंक खाता क्रमांक, जॉब कार्ड (अगर उपलब्ध है, लाड़ली बहना का पंजीयन क्रमांक (केवल लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों के लिये), की स्वयं के द्वारा सत्यापित प्रति जमा करना होगा ।

# अमरपाटन और रामनगर में बनेंगे किसान भवन

**पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री श्री पटेल ने किया विकास कार्यों का भूमि-पूजन**



भोपाल । पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसं यक कल्याण राज्य मंत्री श्री रामखेलावन पटेल ने कहा कि रामनगर और अमरपाटन में जल्द ही किसान भवन बनाये जायेंगें। इन भवनों में करीब 500 से अधिक किसान एक साथ बैठकर चर्चा कर सकेंगे। राज्य मंत्री श्री पटेल शुक्रवार को सतना जिले के अमरपाटन में एक करोड़ रूपये से अधिक लागत से बनने वाले कृषि गोदाम के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्य मंत्री श्री पटेल ने इस मौके पर 53 लाख की लागत से बनने वाले कर्मचारी आवास निर्माण का भी भूमिपूजन भी किया।

राज्य मंत्री श्री पटेल ने कहा कि अमरपाटन क्षेत्र में बांधों और सिंचाई परियोजना के कार्यों से अमरपाटन और रामनगर क्षेत्र के हर खेत में पानी पहुँचेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरी प्राथमिका के साथ किसानों के हितों में कार्य कर रही है।

**50 बिस्तरीय अस्पताल का भूमिपूजन**

राज्य मंत्री श्री पटेल ने सतना जिले के रामनगर में शुक्रवार को 50 बिस्तरीय अस्पताल का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए रामनगर अस्पताल का उन्नयन किया जा रहा है। यह भवन 24 करोड़ की लागत से बनकर तैयार होगा। राज्य मंत्री ने इस मौके पर लगभग 30 लाख रूपये लागत की डिजिटल ऐ सरे मशीन और लॉन्ड्री मशीन का लोकार्पण किया। राज्य मंत्री श्री कहा कि रामनगर को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के कारण दो बार कायाकल्प अभियान में पुरूस्कृत किया जा चुका है।

# जबलपुर पुलिस ने एक युवक को किया गिर तार, 11 तलवार समेत 14 बटनदार चाकू बरामद

**जबलपुर पुलिस ने अवैध हथियारों को लेकर आज एक बड़ी कार्रवाई की है। मुखबिर की सूचना पर गोरखपुर थाना पुलिस ने एक युवक को गिर तार किया है।**



जबलपुर। जबलपुर पुलिस ने अवैध हथियारों को लेकर आज एक बड़ी कार्रवाई की है। मुखबिर की सूचना पर गोरखपुर थाना पुलिस ने एक युवक को गिर तार किया है। जिसके पास से 11 तलवार और 14 बटनदार चाकू बरामद किए हैं। साथ ही एक कार भी जब्त की है। बता दें कि आरोपी लंबे समय से जबलपुर में रह रहा था और यहां जूते-चप्पल के व्यवसाय की आड़ में हथियारों की तस्करी करता था। फिलहाल, पुलिस मामले में पुछताछ कर रही है। जिससे और भी जानकारी मिलने की संभावना जताई जा रही है।

ऐसे करता था कारोबार

वहीं, पुलिस की गिर त में आए आरोपी ने बताया कि वह बुरहानपुर से तलवार और चाकू खरीद कर लाता था। जिसे वो ऊंचे दामों में बेचा करता था। इस मामले में गोरखपुर थाना पुलिस ने एक नाबालिक को भी गिर तार किया है, जिसने आरोपी अमर सिंह से चाकू खरीदे थे। पुलिस अब उन लोगों की तलाश कर रही है, जिसे उसने तलवार और चाकू बेचे हैं।

## मु यमंत्री चौहान ने गुलमोहर, नीम और गूलर के पौधे रोपे

भोपाल । मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट उद्यान में आज सामाजिक कार्यकर्ताओं और पर्यावरण प्रेमियों के साथ गुलमोहर, नीम और गूलर के पौधे लगाए।

# प्रशासनिक टीम की तत्परता और एसडीआरएफ के सहयोग से बाढ़ में फंसे अशोक को सकुशल बचाया गया



छिन्दवाडा । छिंदवाड़ा जिले के परासिया अनुविभाग के अंतर्गत थाना उमरेठ के ग्राम बिजोरी रैयत निवासी अशोक पिता बारे सिलु उम्र 28 साल को जिले की प्रशासनिक टीम की तत्परता और एसडीआरएफ के सहयोग से आज सकुशल बाढ़ से बचाया गया। नदी से बाहर निकालने के बाद डॉ टरों की टीम से अशोक का चेकअप कराया गया और पिता के साथ घर पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अशोक सिलु मर्रम नदी में मछली पकड़ रहे थे। नदी में अचानक बाढ़ आ जाने से वे नदी में फंस गए। अपने आप को बचाने नदी के बीच में ही पेड़ पर चढ़ गए । गांव वालों ने देखा तो कोटवार के माध्यम से राजस्व विभाग के अधिकारियों और पुलिस को सूचना दी गई। एसडीएम परासिया श्री पुष्पेन्द्र निगम के निर्देश पर नायब तहसीलदार अनुकृति मिश्रा और थाना प्रभारी उमरेठ अपनी टीम के साथ तत्परता से मौका स्थल पर पहुंचे और कले टर श्री मनोज पुष्प को वस्तुस्थिति से अवगत कराया । कले टर श्री पुष्प ने तत्काल एसडीआरएफ के अधिकारियों से बात की और एसडीआरएफ की टीम को रेसे यू के लिए भेजा गया। एसडीआरएफ की टीम ने लगभग आधे घंटे के अंदर ही युवक अशोक को रेसे यू कर सुरक्षित नदी से बाहर निकाल लिया।

# विकास के कामों को महसूस कर रहे हैं हर वर्ग के लोगः कैलाश सोनी

## नरसिंहपुर जिले के सिंहपुर से रवाना हुई महाकोशल की जन आशीर्वाद यात्रा



नरसिंहपुर। बीते सालों में भाजपा की सरकारों ने जो विकास किया है, उसका असर स्पष्ट दिखाई देने लगा है। समाज के हर वर्ग के लोग इस विकास का अनुभव कर रहे हैं। यह बात राज्यसभा सांसद श्री कैलाश सोनी शनिवार को नरसिंहपुर जिले के सिंहपुर में रथ सभा को संबोधित करते हुए कही। सभा को विधायक जालमसिंह पटेल ने भी संबोधित किया।

**आपका आशीर्वाद बनाए रखें**

राज्यसभा सांसद श्री कैलाश सोनी ने कहा कि मु यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकारों ने बीते सालों में देश, मध्यप्रदेश और नरसिंहपुर जिले में विकास के अनेकों काम किए हैं। भाजपा की सरकारों ने इतना काम किया है कि आज हमारा चंद्रयान चंद्रमा की सतह पर उतरा है और आदित्य एल-1 सूर्य की जानकारियां जुटा रहा है। केंद्र और राज्य सरकारों के इन कामों का लाभ समाज के हर वर्ग को मिला है और हर वर्ग के लोग इस विकास को महसूस भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान आप सभी का भरपूर समर्थन और आशीर्वाद भारतीय जनता पार्टी को मिल रहा है, जिसके लिए मैं आप सभी का आभार जताता हूं। अपने आशीर्वाद को आगे भी बनाए रखें।

**आपके आशीर्वाद से ही बनी है भाजपा की सरकार**

सभा को संबोधित करते हुए नरसिंहपुर विधायक श्री जालमसिंह पटेल ने कहा कि 2003 के बाद से भारतीय जनता पार्टी को लगातार आपका आशीर्वाद मिलता रहा है, जिसके फलस्वरूप प्रदेश में भाजपा की सरकार है और लगातार विकास के काम कर रही है। श्री पटेल ने कहा कि बीते 20 सालों में प्रदेश में काफी विकास हुआ है। विकास का यह सिलसिला चलता रहे, इसके लिए भारतीय जनता पार्टी पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें।

**नरसिंहपुर से शुरू हुई यात्रा**

महाकोशल क्षेत्र की जन आशीर्वाद यात्रा शनिवार को नरसिंहपुर जिले के सिंहपुर से प्रारंभ हुई। रथ पर सवार होकर राज्य सभा सांसद श्री कैलाश सोनी, यात्रा प्रभारी सांसद राव उदय प्रताप सिंह, विधायक श्री जालम सिंह पटेल, नरसिंहपुर जिला अध्यक्ष श्री अभिलाष मिश्रा, भाजपा गोटेगांव विधानसभा प्रत्याशी श्री महेंद्र नागेश जनता का आशीर्वाद मांगने निकले। इस दौरान स्थानीय महिलाओं, आमजन तथा पार्टी कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

# पांढुर्णा में गोटमार मेला शांतिपूर्वक संपन्न



छिन्दवाडा। छिन्दवाड़ा जिला मु यालय से 98 किलोमीटर दूर विकासखंड पांढुर्णा में वर्षो से चली आ रही पर परा का गोटमार मेला शांतिपूर्वक स पन्न हुआ । इस अवसर पर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगरपालिका के अधिकारी-कर्मचारी प्रातः काल से ही मुस्तैद थे। पांढुर्णा के गोटमार मेले में इस बार भी जिला और पुलिस प्रशासन की अच्छी व्यवस्था थी। जिला एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मेला स्थल पर अंत तक रहे एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। मेले में पुलिसकर्मी वर्दी और सादी वेशभूषा में तैनात किये गये थे तथा बाहर से भी पुलिस फोर्स को बुलाकर मेले में तैनात किया गया था। नदी के दोनों तरफ अस्थायी रुप से 4 अस्पताल बनाये गये थे, जिनमें लगभग 145 मामूली घायल व्यक्तियों का चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया । किसी व्यक्ति को रैफरल नहीं किया गया और न ही कोई गंभीर रूप से घायल हुआ । जिला प्रशासन द्वारा उपचार के लिये ए बुलेंस की व्यवस्था भी की गई थी ।

मेले के दौरान कले टर श्री मनोज पुष्प और पुलिस अधीक्षक श्री विनायक वर्मा ने मेले में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मेले की गतिविधियों पर नजर रखी। मेले के शांतिपूर्वक समापन पर जिला प्रशासन द्वारा सभी नगरवासियों, पत्रकारों और सहयोगी अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। मेला स्थल पर मौजूद रहकर राजस्व अनुविभागीय अधिकारी पांढुर्णा श्री आर.आर.पांडेय, पांढुर्णा के पुलिस अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, जनपद पंचायत के मु य कार्यपालन अधिकारी, नगरीय निकाय के मु य नगरपालिका अधिकारी और चिकित्सकों की टीम ने मेले में व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग दिया।

# मतदाता सूची में मृत या दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाता मिलने पर होगी स त कार्रवाई - मु य निर्वाचन पदाधिकारी

भोपाल। मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ आज ऑनलाइन बैठक की और विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान श्री राजन ने कहा कि 4 अे टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद से मतदाता सूची में किसी भी मृत या दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाता का नाम नहीं होना चाहिए। यदि किसी बीएलओ की मतदाता सूची में मृत और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाता पाए जाते हैं तो संबंधित बीएलओ, ईआरओ के खिलाफ स त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए प्राप्त हुए आवेदनों का समय सीमा के अंदर निराकरण करने के निर्देश दिए।

**42 लाख 75 हजार 952 आवेदन हुए प्राप्त**

प्रदेश में मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अंतर्गत 2 अगस्त से 11 सितंबर तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए ऑनलाइन, ऑफलाइन के माध्यम से 42 लाख 75 हजार 952 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 29 लाख 46 हजार 146 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। 13 लाख 29 हजार 806 आवेदनों का निराकरण लंबित है, जिसका समय सीमा के अंदर निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

**4 अ टूबर को प्रदेश के सभी 64, 523 मतदान केंद्रों पर होगा मतदाता सूची का वाचन**

4 अे टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश के सभी 64 हजार 523 मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का वाचन किया जाएगा। इस दौरान से टर अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के साथ बैठक की जाएगी।

**संयुक्त टीम बनाकर करें कार्रवाई**

बैठक के दौरान मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने कहा कि सभी एनफोर्समेंट एजेंसी संयुक्त टीम बनाकर निरीक्षण करें और अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई करें। बैठक के दौरान अपर मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कौल, संयुक्त मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राकेश सिंह, श्री बसंत कुर्रे, श्रीमती रूचिका चौहान उपस्थित थीं।

# फसलों के नुकसान का सर्वे कराकर राहत राशि देगी सरकार, सीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश

भोपाल। मध्य प्रदेश के किसानों के लिए राहत भरी खबर है।बारिश से फसलों के नुकसान को लेकर सीएम शिवराज सिंह चौहान का बड़ा बयान सामने आया है। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि फसलों के नुकसान का सर्वे कराकर राहत राशि दी जाएगी। पूरे प्रदेश में लगभग अच्छी वर्षा हो रही है। वर्षा की कमी समाप्ति की ओर है। महाकाल को अच्छी वर्षा के लिए मैं प्रणाम करता हूँ। साथ ही अतिवृष्टि से सतर्क रहना होगा। फसलों को थोड़ा नुकसान हुआ है, आकलन करके सर्वे कराया जाए। ऋब्रष्ट 6-4 के अंतर्गत तहत किसानों को राहत की राशि दी जाएगी।



हाल ही में सीएम शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को आश्वासन भी दिया था कि वर्षा की कमी की स्थिति में हम हाथ पर हाथ रखकर नहीं बैठेंगे। संकट होगा तो भी हम प्रदेशवासियों को संकट से निकालकर ले जाएंगे। ईश्वर न करे कि फसल खराब हो, लेकिन आवश्यकता हुई तो फसलों का सर्वे भी कराया जाएगा और मुआवजे के साथ-साथ फसल बीमा की राशि भी किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी। किसान भाई चिंतित न होंहमारी सरकार जमीन और आसमान एक कर देगी, जो संभव है, वो करेंगे। साथ ही जहां फसलों को नुकसान हुआ है, वहां पूरी राहत देंगे।

**कमलनाथ ने सीएम को लिखा था पत्र**

खास बात ये है कि 14 सितंबर को पूर्व मु यमंत्री और पीसीसी चीफ कमलनाथ ने सीएम शिवराज सिंह चौहान को एक पत्र लिखा था , जिसमें उन्होंने सूखे की वजह से किसानों की फसलों को हुए नुकसान के लिए सर्वे करवाए जाने एवं त्वरित मुआवज़ा दिए जाने की बात कही थी। कमलनाथ ने अपने पत्र में लिखा था कि प्रदेश के इन जिलों से ( खरगोन, सीहोर, विदिशा, धार, नीमच, हरदा होशंगाबाद आदि जिलों) सूचना मिल रही हैं कि प्रदेश में अल्प वर्षा, दीर्घ अंतराल तक वर्षा नहीं होने से निर्मित सूखे की स्थिति एवं त बाकू इल्ली के प्रकोप के कारण सोयाबीन की फसल को अत्यधिक नुकसान हुआ है। जिसके कारण किसान अत्यधिक पीड़ित एवं चिंताग्रस्त हैं।

**सितंबर अंत तक जारी हो सकती है फसल बीमा 2022 की राशि**

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो किसानों को फसल बीमा 2022 की भी राशि सितंबर अंत तक खातों में भेजी जा सकती है।वर्ष 2022-23 में खरीफ और रबी की फसलों के नुकसान का सर्वे करने के बाद क्षतिपूर्ति के दावे बीमा कंपनियों को प्रस्तुत किए जा चुके हैं, ऐसे में संभावना है कि 27 या 28 सितंबर को एक बार फिर 2022 की बीमा की राशि किसानों के खाते में भेजी जा सकती है। इस संबंध में राज्य सरकार एक कार्यक्रम कर सकती है, जिसमें सीएम शिवराज सिंह चौहान किसानों के खाते में राशि ट्रांसफर कर सकते है। हालांकि अधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। सरकार का प्रयास है कि विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के पहले कार्यक्रम करके राशि किसानों के खातों में अंतरित कर दी जाए।

## धूमधाम से मनाया गया ठाकुर रजनीश सिंह का जन्म दिवस



छपारा यशोः- केवलारी के पूर्व विधायक ठा0रजनीश सिंह की मित्र मंडली एवं उनके शुभचिंतकों के द्वाराद्वारा छपारा के लाडले नेता का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से नगर के हृदय स्थल छपारा बस स्टैंड में मनाया गया जिसमे भारी सं या में कांग्रेसी जन एवम क्षेत्रवासी की उपस्थिति रही ।

रजनीश सिंह के जन्मदिवस पर गृह ग्राम बर्रा में केवलारी विधानसभा क्षेत्र के लोगो का तांता लगा रहा ,,सभी अपने नेता को जन्मदिन कि बधाई देने के उनके निवास स्थान बर्रा पहुंचे जहां उन्होंने केक कटवा कर रजनीश सिंह का जन्मदिन मनाया ।छपारा के युवा कांग्रेसियों के जन्म उत्सव छपरा में मनाए जाने का आमंत्रण स्वीकार कर ठाकुर रजनीश सिंह कार्यक्रम स्थल पहुंचे जहां कांग्रेस पार्टी के सभी अनुसांगिक संगठनों के पदाधिकारी सदस्य गण एवं सैकड़ो की सं या में उपस्थित लोगों के बीच में अपने नेता का जन्मदिन मनाया ।

रजनीश हरवंश सिंह ने सर्वप्रथम बस स्टैंड स्थित वैष्णवी दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चन किया जहां टीम रजनीश सिंह के द्वारा उन्हें फलों से तौलकर खुशी जाहिर की गईद्य उपस्थित कांग्रेस के वरिष्ठ जनों से आशीर्वाद लेने के पश्चात टीम रजनीश सिंह द्वारा केक कटवाकर जन्मदिवस मनाया गया ।

अंत में रजनीश सिंह ने उपस्थित सभी जनसमुदाय का एवम आयोजक रजनीश सिंह टीम का जन्मदिन के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया ,,एवम चंद्रशेखर श्रीवात्री के द्वारा सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया ।

## भादों में लगी सावन सी झड़ी, नर्मदा आई उफान पर

मंडला यशोः- वर्तमान में हो रही बारिश से किसानों ने राहत की सांस ली है। लोग भी भादों माह में सावन जैसी झड़ी से काफी प्रसन्न दिखाई दे रहे हैं। वहीं किसानों का कहना है कि इस बार दो-दो सावन पड़े लेकिन सावन के दौरान कम बारिश हुई अब भादों माह में सावन जैसी झड़ी से खेतों में लगी फसल को काफी फायदा होगा। वहीं लगातार बारिश का असर जिले में नदी-नालों के जल स्तर में बढ़ौत्तरी के रूप में देखने को मिला। जिले की जीवन रेखा कहलाने वाली नर्मदा नदी उफान पर आई गई। शहर में छोटा रपटा पुल दोपहर तक नर्मदा में आई बाढ़ के चलते डूब गया। सुरक्षा की दृष्टि से यहां होमगार्ड के जवान तैनात कर दिए गए थे। 24 घंटे में हुई 47.4 मिमी बारिश शुक्रवार को दिन भर बारिश होती रही, मौसम विभाग से मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार की सुबह 8.30 से 5.30 तक कुल 4.0 एमएम बारिश दर्ज हुई तो वहीं 24 घंटे में 47.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है। लगातार बारिश से मौसम में भी ठण्डक घुल गई है। सुबह से बारिश लगातार जारी रही वहीं दोपहर बाद काले बादल इस कदर आसमान में छा गए जिससे शाम 5 बजे से चारों तरफअंधकार दिखाई दे रहा था, नगरपालिका द्वारा सामान्य दिनों की अपेक्षा कुछ समय पहले ही स्ट्रीट लाईन जलवा दी गई ताकि सड़क से आते-जाते लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

**कोतवाली के सामने दिखा तालाब सा नाजारा**

लगातार बारिश का शहर की सड़कों में भी देखने को मिला, सीवर लाईन के चलते शहर की सड़कें पूरी तरह उखड़ चुकी है, जिनमें जरा सी बारिश होने पर ही आवागमन परेशानी से भरा हो जाता है शुक्रवार को दिन भर हुई बारिश से सड़कों में जगह-जगह बारिश का पानी जमा हो गया था। बड़ चौराहा से नेहरू स्मारक मार्ग में सड़क चौड़ीकरण का काम प्रगति पर है, इसी के चलते कोतवाली के सामने भी सड़क की खुदाई कर दी गई है लेकिन सड़क चौड़ीकरण में लेटलतीफी का परिणाम यह हो रहा है कि बारिश कारण कोतवाली के सामने इस कदर जल भराव जाता है कि यहां किसी बड़े तालाब की तरह दृष्य दिखाई देता है। यहां जल भराव से आमजनों के साथ ही कोतवाली आने-जाने वाला स्टॉफ को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। कोतवाली के सामने पानी भरे होने से पुलिस कर्मियों को जमा पानी से बचते-बचाते कोतवाली आते-जाते देखा गया।

## प्लेसमेंट ड्राईव में 51 का चयन



मंडला यशोः- शासकीय आईटीआई में सुजुकी मोटर्स गुजरात मेहसाणा प्लांट हंसलपुर द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में टर्नर, फिटर, मशीनिस्ट, वेल्डर, डीजल मेकेनिक, इलेंॅ ट्रशियन, मोटर मैकेनिक आदि ट्रेड के 98 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित हुए कंपनी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों का लिखित एवं मौखिक परीक्षा के आधार पर 51 प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया गया है। चयनित प्रशिक्षणार्थियों को 21500 प्रतिमाह पारिश्रमिक दिया जाएगा।

## आयुष मंत्री कावरे ने बाढ़ प्रभावित गांवो का दौरा कर राहत कार्य तेज करने के दिए निर्देश

### इस संकट की घड़ी में आपका सेवक कार्य आपके साथ है मेरी विधानसभा मेरा परिवार है-आयुष मंत्री

बालाघाट। आयुष मंत्री रामकिशोर नानो कावरे ने आज 16 सितंबर को परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के अतिवृष्टि के कारण बाढ़ से प्रभावित ग्राम नेवरगांव,लवेरी, मोहगांव,कु हारी लामता,भोंडवा का दौरा कर बाढ़ प्रभावितों तथा जन सामान्य से मुलाकात कहा की इस संकट की घड़ी में आपका सेवक कार्य आपके साथ है। मेरी विधानसभा मेरा परिवार है। यहां के प्रत्येक व्यक्ति के सुख और दुख को मैं अपना समझता हूं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के दौरे के दौरान एसडीएम, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, मु य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बालाघाट, राजस्व निरीक्षक,लामता सरपंच श्री हुलासमल कोचर, भोंडावा सरपंच श्री मुकेश पाटिल, श्री आशीष जायसवाल, श्री गणेश लिल्हारे श्री विनोद बोथरा, श्री कृष्णा नागेश्वर श्री राजेंद्र मनेश्वर, श्री मनोज असाटी, सुनील श्रीवास एवं अमला उपस्थित रहा।

मंत्री श्री कावरे ने उपरोक्त ग्रामों में जिन-जिन क्षेत्रों पर नुकसान ज्यादा हुआ है वहां जा जाकर स्थितियों का अधिकारियों के साथ जायजा लिया। उन्हें मौके पर ही निर्देश दिए कि अभी फोटो खींच ली जाए और मुआवजा प्रकरण बनाने की कार्रवाई प्रार भ की जाए। बचाव राहत कार्य मैं भी तेजी लाने के निर्देश दिए।

मंत्री कैमरे ने अधिकारियों से कहा कि उपरोक्त अति वृष्टि से फसलों को भी नुकसान हुआ है, पोल्ट्री फार्म को भी नुकसान हुआ है, मत्स्य पालन करने वाले लोगों को भी नुकसान हुआ है, मुआवजे का आकलन कर प्रकरण बनाते समय राजस्व विभाग के कर्मचारी संवेदनशीलता का परिचय दें, स्वेच्छा चरित्र और संवेदनहीनता कतई बर्दाश्त नहीं की जाए मेरी जनता पर प्राकृतिक संकट आया है। ऐसे में हम सब उनके साथ हैं। शासन स्तर पर हर संभव मदद की जाएगी।

मंत्री श्री करे ने यह भी कहा कि मुआवजा संबंधी प्रकरण तैयार किया जाए तो अनंतिम सूची ग्राम पंचायत पर चस्पा की जाए ताकि ग्रामीण जन सूची को देख ले और किसी प्रकार की आपत्ति हो तो उसका समय रहते निराकरण कर दिया जावे। मुआवजा कटाई कामना बनाया जाए इस बात का विशेष ध्यान रखें।

क्षेत्र का जायजा लेने के पश्चात मंत्री श्री कावरे ने लामता में अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें बचाव राहत शिविरों पर नजर बनाए रखना लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करने समुचित दवाई उपलब्ध कराने राशन उपलब्ध कराने एवं हर संभव मदद करने के निर्देश दिए।मंत्री श्री कावरे ने कहा कि सूचना मिलते ही 14 तारीख की दरमियानी रात हमारे कार्यकर्ता प्रभावित स्थलों पर पहुंच चुके थे और 15 तारीख की सुबह उन्होंने राहत एवं बचाव कार्य अपने स्तर पर प्रारंभ कर दिया था। राशन सामग्री एवं भोजन के पैकेट बांट दिए।

## किसानों ने ली राहत की सांस, एक सप्ताह तक जारी रह सकता है बारिश का दौर

मंडला यशोः- मंडला में शुक्रवार को सुबह से दिन भर बारिश का दौर जारी रहा। इस बारिश ने पूरे नगर को सराबोर कर दिया। दिनभर में 4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। सुबह से तेज बारिश के बाद रात तक रिमझिम बारिश जारी रही। बारिश की वजह से मौसम खुशनुमा हो गया वहीं किसानों ने भी राहत की सांस ली है।

मंडला में बारिश के लंबे विराम के कारण किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें गहराने लगी थी। बारिश के लिए गांव-गांव पूजा पाठ और टोटके किये जा रहे थे। इसी बीच बीते गुरूवार से ही बारिश प्रारंभ हो गई। हालांकि कहीं-कही और कम मात्रा में हो रही बारिश जरूरत के लिहाज से अपर्याप्त है। फिर भी इससे किसानों की उ मीद जग गई है। मौसम वैज्ञानिक देवेंद्र तिवारी ने बताया कि उत्तर-पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। जिससे जिले अगले दो-तीन दिनों तक बारिश की संभावना बनी रहेगी। वहीं बंगाल की खाड़ी में बन रहे सिस्टम के कारण भी आने वाले सप्ताह में बारिश का मौसम बना रहेगा।

## गौरा बाई को मिल रहा है शासन की योजनाओं का लाभ

मंडला यशोः- विभिन्न टीव्ही चैनल एवं सोशल मीडिया में चल रहे 'जीवित दिव्यांग महिला को दस्तावेजों में बताया मृत, योजनाओं के लाभ से वंचित हुई महिला' समाचार के संबंध में मु य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत निवास ने बताया कि गौरा बाई पति नन्हेलाल यादव को शासन की विभिन्न योजनाओं का पात्रतानुसार लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समाचार में उल्लेखित तथ्यों की जाँच कराई गई जिसमें पाया गया कि मानिकपुर निवासी गौराबाई की समग्र आईडी क्रमांक 136679160 एवं परिवार आईडी क्रमांक 28982770 है, जो वर्तमान में सक्रिय है। गौराबाई को सदस्य आईडी क्रमांक 136679160 से सामाजिक सुरक्षा निःशक्त पेंशन का लाभ प्रदाय किया जा रहा है जिसका स्वीकृति आदेश क्रमांक 17099207/13/2022 दिनांक 5 जनवरी 2022 है। गौराबाई संबल में भी पंजीकृत है। इन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल चुका है जिसकी पीएम आईडी क्रमांक 3367586 है। मु य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि प्रसारित समाचार के तथ्य गलत हैं। समाचार पूरी तरह निराधार एवं गलत है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्तियों का शासन की योजनाओं का नियमानुसार लाभ प्रदान किया जा रहा है।

## जल-जीवन मिशन अंतर्गत उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न

मंडला यशोः- जल जीवन मिशन के अंतर्गत मध्यप्रदेश जल निगम परियोजना क्रियान्वयन इकाई मंडला के अंतर्गत जिले की हालोन एवं नारायणगंज, बीजाडांडी ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना की विस्तृत जानकारी एवं विमर्श के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका मंडला के अध्यक्ष विनोद कछ्वाहा, जि.पं.




सदस्य रामप्यारी झारिया, शकुन जंघेला, गीता मरावी, कौशल्या मरावी आदि जनप्रतिनिधियों एवं जिले के अधिकारियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का संचालन प्रमुख अमित जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर हालोन सहित अन्य परियोजनाओं का प्रेजेन्टेशन किया गया। कार्यशाला में जि.पं. अध्यक्ष कुशराम ने कहा कि हम सभी जनप्रतिनिधि जल जीवन मिशन की सफलता के लिये पूरा सहयोग प्रदान करेंगे। सभी अधिकारीगण भी पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें, सभी के सहयोग और समन्वय के द्वारा ही योजना अपने लक्ष्य की ओर पहुंचेगी। कार्यशाला को जि.पं. सदस्यों ने भी संबोधित किया।

## निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी

मंडला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की तैयारियों के तहत कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा सित बर माह में आयोजित होने वाले प्रशिक्षणों का कार्यक्रम जारी किया गया है। जानकारी के अनुसार निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का प्रशिक्षण रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला में 16 सितंबर को 3 सत्रों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रथम सत्र में प्रातः 11:30 से 1 बजे तक निवास विधानसभा, द्वितीय सत्र में 1:30 से 3 बजे तक बिछिया तथा तृतीय सत्र में 3:30 से सायं 5 बजे तक विधानसभा मंडला का प्रशिक्षण होगा। एमसीएमसी कमेटी का प्रशिक्षण 20 सितंबर को प्रातः 11 बजे से जिला योजना भवन में किया जाएगा। पोस्टल बेलेट के संबंध में प्रथम प्रशिक्षण 21 सितंबर को प्रातः 11:30 बजे से रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला में होगा। एमसीसी का प्रथम प्रशिक्षण 25 सितंबर को जिला योजना भवन में टीएल बैठक के बाद होगा। राजनैतिक दलों की बैठक 27 सितंबर को दोपहर 12 बजे से जिला योजना भवन में आयोजित की जाएगी। मीडिया सेल की बैठक जिला योजना भवन में 27 सितंबर को दोपहर 2 बजे से आयोजित की जाएगी।

## मतदाता जागरूकता अंतर्गत विविध आयोजन

मंडला यशोः- आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर जिले में स्वीप गतिविधियों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों के माध्यम से ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को निष्पक्ष मतदान के लिए प्रेरित कर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता लाई जा रही है। शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के मौके पर जिले के शासकीय महाविद्यालयों में विविध आयोजन किए गए जिनके माध्यम से युवाओं में लोकतंत्र के प्रति आस्था एवं जागरूकता लाए जाने का प्रयास किया गया। शासकीय महाविद्यालय अंजनिया, रानी



दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला, शासकीय स्नातक महाविद्यालय नैनपुर, शासकीय मुन्नालाल चौधरी कन्या महाविद्यालय मंडला सहित अन्य महाविद्यालयों में लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका पर परिचर्चाओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में उपस्थित विद्यार्थियों को नैतिक मतदान की शपथ भी दिलाई गई।

**वरिष्ठ मतदाताओं का किया स मान**

स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जिले में मतदाताओं से मिलकर उन्हें प्रेरित करने का क्रम लगातार जारी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को 101 वर्षीय मतदाता मूलचंद कुशवाहा, 83 वर्षीय सुकरती बाई तथा तिंदुआ ब हनी निवासी वरिष्ठ मतदाता से मिलकर उन्हें स मानित किया गया तथा निर्वाचन के संबंध में उनके विचार सुने गए।

## अवैध परिवहन में संलिप्त वाहन जब्त



मंडला यशोः- खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में कले टर के निर्देशानुसार खनिज विभाग मण्डला द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरुद्ध सतत् रूप से कार्यवाहियां की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में 13 सितंबर को चौकी हिरदेनगर अंतर्गत हिरदेनगर कौरगांव रोड़ पर एक वाहन ट्रै टर इंजन क्रमांक ई 3402052 खनिज रेत तथा 15 सितंबर 2023 को दो वाहन ट्रै टर क्रमांक एमपी 51 एए 7217 एवं बिना नंबर महिन्द्रा लाल रंग इंजन नंबर एनएमएम 5 एचए 0080 को थाना ब हनी अन्तर्गत ग्राम देवगांव से खनिज रेत के अवैध परिवहन की गतिविधि में संलिप्त पाए जाने के कारण खनिज विभाग द्वारा जब्त किया गया। उक्त संलिप्त वाहनों को जब्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित थानों की सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त वाहनों के विरूध म0प्र0 खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत् प्रकरण दर्ज कर कले टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है।

## 20 सितंबर से शुरू होंगे किसानों के ऑनलाईन पंजीयन

### 5 अे टूबर तक सहकारी समितियों, खरीदी केन्द्रों तथा एमपी ऑनलाईन कियोस्क सेंटर में ऑनलाईन होगा रजिस्ट्रेशन

मंडला यशोः- खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर किसानों को उनकी उपज धान, ज्वार एवं बाजरा का उपार्जन किया जाना है। धान उपार्जन हेतु मण्डला जिले में 15 सितंबर 2023 को सहकारी संस्थाओं को किसानों के पंजीयन हेतु धान पंजीयन से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया है, जिसके प्रमुख बिन्दु इस प्रकार है उपार्जन के लिए किसानों का ऑनलाइन पंजीयन होना आवश्यक है। ऑनलाइन पंजीयन 20 सित बर से 5 अे टूबर तक किया जा रहा है।

किसान आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों एवं खरीदी केन्द्रों में निशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। एमपी किसान एप अपने मोबाइल पर डाउनलोड करके किसान स्वयं पंजीयन कर सकते हैं। इसके अलावा किसान एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर, लोक सेवा केन्द्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे में 50 रुपए का शुल्क तथा आवश्यक दस्तावेज देकर 20 सित बर से उपार्जन हेतु पंजीयन करा सकते हैं। धान तथा मोटे अनाजों के पंजीयन कराने के लिए किसानों को अपने आधार कार्ड, बोये गए अनाज के रकबे की जानकारी के लिए ऋण पुस्तिका की प्रति, आधार लिंक बैंक खाता, मोबाइल न बर, आईएफएससी कोड की जानकारी देना आवश्यक होगा। पंजीयन कराने और फसल बेचने के लिए आधार न बर का वेरीफिकेशन कराना अनिवार्य है। वेरीफिकेशन आधार न बर से लिंक मोबाईल नं. पर प्राप्त ओटीपी से या बायोमेट्रिक डिवाइस से किया जायेगा। किसानों का पंजीयन फसल गिरदावरी के आधार पर किया जाएगा। किसान द्वारा दर्ज कराया गया नाम आधार से भिन्न है तो किसान को आधार केन्द्र/पोस्ट ऑफिस जाकर आधार में नाम संशोधित कराना होगा। किसान द्वारा दर्ज कराया गया नाम भू-अभिलेख से भिन्न है तो किसान को राजस्व अधिकारी से संपर्क कर भू-अभिलेख में नाम संशोधित कराना होगा। सत्यापन होने की स्थिति में ही उक्त पंजीयन मान्य होगा। यदि किसान की भूमि एक ही जिले के अन्य ग्रामों में है तो पंजीयन में दूसरे ग्राम की फसल के रकबे जोड़े जा सकेंगे। सिकमी/बटाईदार के पंजीयन हेतु 2023 के अनुबंध ही मान्य होंगे। किसान उपार्जन केन्द्र पर जाकर फसल बेचने के लिए अपने परिवार के किसी सदस्य (पिता, भाई, पति, पुत्र आदि) को नामित कर सकेंगे। नामित व्यक्ति का भी आधार वेरीफिकेशन कराया जायेगा। उपार्जन के भुगतान हेतु जनधन खाते, अक्रिय बैंक खाते, संयुक्त बैंक खाते एवं फिनो, एयरटेल, पेटीएम बैंक खाते पंजीयन में मान्य नहीं होंगे।

## विकासखण्ड स्तरीय चयन स्पर्धा का आयोजन आज से

मंडला यशोः- खेलो एमपी यूथ गे स-2023 का आयोजन ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर किया जा रहा है। खेलो एमपी यूथ गे स के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर चयन स्पर्धा, जिला एवं संभाग स्तर पर 18 खेल (कबड्डी, व्हॉलीबाल, फुटबॉल, बास्केटबाल, हॉकी, खो-खो, एथलेटि स, कुष्ती, बैडमिंटन, बॉ सिंग, जूडो, मलख ब, वेटलि टंग, टेबल टेनिस, योगासन, टेनिस, तैराकी एवं शतरंज) का आयोजन किया जाना हैं। 06 खेल (ताईक्वांडो, फैंसिग, रोईंग,` याकिंग-कैनोंइंग, शूटिंग एवं आर्चरी) के दल/खिलाड़ी सीधे राज्य स्तर पर सहभागिता करेंगें। विकासखण्ड मण्डला, नैनपुर एवं नारायणगंज अंतर्गत चयन स्पर्धा का आयोजन दिनांक 17 सित बर 2023 को, विकासखण्ड मोहगांव, घुघरी, बीजाडांडी एवं मवई में दिनांक 19 सित बर 2023 को विकासखण्ड निवास एवं बिछिया 20 सित बर 2023 को प्रातः 10 बजे से किया जा रहा है। एक खिलाड़ी एक खेल में भाग ले सकेगा। यूथ गे स में जिले के 18 वर्ष से कम आयु (31 दिस बर 2023 की स्थिति में) के बालक एवं बालिका खिलाड़ी प्रतियोगिता कर सकेंगे। प्रत्येक खिलाड़ी को विकासखण्ड स्तर पर पंजीयन फॉर्म (पासपोर्ट फोटो, जन्म प्रमाण पत्र एवं मूल निवासी प्रमाण-पत्र के साथ) भरना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी हेतु संबंधित विकासखण्ड के युवा समन्वयक एवं कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी मण्डला में स पर्क कर सकते है।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati.com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझांवाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक- मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297